आपत्ति ▶ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नियमों के उल्लंघन का आरोप

# सहायक संचालक ताला फिर विवादों में घिरे





**चिल्हारी नवभारत 16 मार्च।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सहायक संचालक ताला दिलीप कुमार मराठा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार मामला टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सफारी के दौरान मोबाइल फोन से टाइगर की फोटो और वीडियो बनाने को लेकर सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पर्यटन प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना 13 मार्च की शाम की सफारी के दौरान ताला जोन में हुई। इस समय 'बजरंग' नामक टाइगर दिखाई दिया और उसी दौरान मराठा को मोबाइल फोन से तस्वीरें और वीडियो बनाते देखा गया। मामले को और गंभीर इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने 17 नवंबर 2025 को संरक्षित क्षेत्रों में वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे।

### पर्यटकों ने इस पर जताई थी आपत्ति

विशेषज्ञों का कहना है कि नियमों का पालन कराने वाले अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर पर्यटकों और आम लोगों में असंतोष स्वाभाविक है। सफारी में मौजूद पर्यटकों ने भी इस पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि जब गाइड और वन अमला मोबाइल फोन के उपयोग पर सख्ती करते हैं, तो अधिकारी द्वारा इसका उपयोग करना अनदेखा नहीं किया जा सकता। दिलीप मराठा का नाम पहले भी विवादों में रह चुका है।

### दुर्व्यवहार और गाली-गलौज के आरोप भी लगे थे

विभागीय सूत्रों के अनुसार, उनके खिलाफ पहले अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और गाली-गलौज के आरोप भी लगे थे। एक मामले में डिप्टी रेंजर ने कथित प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या प्रयास किया था। पूर्व में विवादों के कारण मराठा को निलंबित भी किया गया था, लेकिन उन्होंने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर पदस्थ रहना जारी रखा। अब वायरल वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय और सोशल मीडिया पर निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।

### बांधवगढ़ टाइगरमें सफारी व टिकट काउंटर के समय में बदलाव

चिल्हारी नवभारत 16 मार्च। जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ टाईगर रिजर्व में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सफारी एवं टिकट काउंटर के समय में परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था 16 मार्च से प्रभावशील कर दी गई है। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय के अनुसार अब पार्क के टिकट काउंटर सुबह 5.30 बजे से 7.00 बजे तक, दोपहर 1.30 बजे से 4.00 बजे तक तथा शाम 6.15 बजे से 7.45 बजे तक खुले रहेंगे। इसी प्रकार पार्क सफारी के समय में भी बदलाव किया गया है। इसके तहत प्रातःकालीन कोर एवं बफर सफारी का समय सुबह 6.00 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शाम की कोर सफारी दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक तथा बफर सफारी दोपहर 3.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक संचालित होगी।



# 130 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ वैगनआर जब्त

▶ जबलपुर का कारोबारी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**डिंडोरी, नवभारत 16 मार्च।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 130 लीटर अंग्रेजी शराब और एक वैगनआर कार जब्त कर जबलपुर निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत करीब 9 लाख 4 हजार 320 रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 15 और 16 मार्च की दरम्यानी रात कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की वैगनआर कार (एमपी 20 जेडसी 7868) में एक व्यक्ति मंडला की ओर से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर डिंडोरी की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने टीम के साथ गैस गोदाम के पास स्टॉपर लगाकर नाकाबंदी कर दी।

### स्टॉपर को टक्कर मार भागा था वाहन

पुलिस ने जैसे ही संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया, चालक ने स्टॉपर को टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार में वाहन भगा दिया और अमरकंटक रोड की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया। इस दौरान आरोपी ने ग्राम कूड़ा में गोमती नदी पुल से पहले भर्रा में वाहन छिपाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

### आरोपी से पूछताछ जारी

पकड़े गए आरोपी की पहचान संजय अग्रवाल, निवासी शारदा विहार, कटंगी रोड करमेता, थाना माढ़ोताल जिला जबलपुर के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 15 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 130 लीटर 320 एमएल) और घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार जब्त की गई है। पुलिस आरोपी से अवैध शराब के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# कांग्रेस ने पुनर्विचार को लेकर प्रशासन से लगाई गुहार

▶ शिक्षकों के टीईटी मुद्दे पर सौंपा ज्ञापन



**शहपुरा नवभारत 16 मार्च।** कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग को लेकर शहपुरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

दरअसल कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से कार्यरत कई शिक्षक टीईटी अनिवार्यता के कारण असमंजस की स्थिति में हैं, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने शिक्षकों के हितों के संरक्षण के लिए केंद्र व राज्य सरकार से इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग करते हुए गुहार लगाई।

### शिक्षकों के हित में सकारात्मक निर्णय लें

ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षकों ने वर्षों तक विद्यालयों में सेवा दी है, इसलिए उनके अनुभव और सेवा को ध्यान में रखते हुए उचित समाधान निकाला जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि यह ज्ञापन संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाए, ताकि शिक्षकों के हित में सकारात्मक निर्णय लिया जा सके।

### सर्वाइकिल कैंसर से बचाव का प्रभावी उपाय है एचपीवी टीका : एसडीएम

**चिल्हारी।** अनुविभागीय अधिकारी मानपुर ने ग्राम बढ़छड़ में ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओ से रूबरू चर्चा करते हुए सर्वाकिल कैंसर से बचाव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव में एचपीवी टीका महत्वपूर्ण कदम है। एचपीवी टीकाकरण निशुल्क है। समीप के किसी अस्पताल या आयुष्मान आरोग्य केंद्र में यह वैक्सीन उपलब्ध है। उन्होंने समस्त ग्राम के अभिभावको से अपील करते हुए कहा है कि सभी परिवार अपने घर की 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष तीन माह तक की किशोरी बालिकाओ को टीका निश्चित रूप से लगवाएं।

# निकाली गई शोभायात्रा, नन्हें कलाकारों ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां

▶ मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**शहपुरा नवभारत 16 मार्च।** स्थानीय शिव मंदिर शक्ति चौक में नगर साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती पूरी भव्यता और सभ्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता और प्रतिभाओं के सम्मान का संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर में रामायण पाठ के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात माता कर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई,



जिसमें समाज के लोग जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। मंचीय कार्यक्रम के दौरान नन्हें कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया ।जिन्हें परितोषक राशि एवं उपहार दिए गए।

**युवा मां कर्मा के जीवन से प्रेरणा लें**-शिक्षा के क्षेत्र में समाज का मान बढ़ाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ पुरस्कृत किया गया। वक्ताओं ने माता कर्मा के भक्तिपूर्ण चरित्र पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशवंत साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदयाल साहू ने की, जबकि विमला साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य वक्ता पंडित वीरेंद्र पाठक और पुजारी पंडित नीरज ने आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर साहू समिति के हेतराम साहू, राजकुमार साहू, अमित साहू, अमर साहू, सुरेन्द्र साहू, नीरज साहू, कुनेंद्र साहू, रवीश साहू, ओमकार साहू, कमल साहू, प्रह्लाद साहू, हरिओम साहू, अश्विनी साहू, पंकज साहू आदि का योगदान रहा।

# चंदुवान टोला में हरी कीर्तन का भंडारे के साथ समापन



**करंजिया, नवभारत 16 मार्च।** ब्लॉक करंजिया के पोषक ग्राम चंदुवान टोला में अधिवक्ता राजेश पनारे के निवास पर तीन दिवसीय हरी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्व कल्याण अष्ट प्रहर समिति द्वारा किया गया। आयोजन में बीजोरी, गारका, मट्टा, हर्र टोला, चंदुवान टोला, बुटिया टोला और रैतवार सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रामघाट से आए भजन मंडली के सदस्यों ने भी हरी भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और विश्व कल्याण की कामना के साथ हरी नाम संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार मोंगरे ने समाज में फैली कुरीतियों को त्यागने और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। इसके बाद कन्या भोजन कराया गया तथा भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया।

# सांदीपनि स्कूल के 4 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए चयनित



▶ विद्यार्थियों को एनएमएमएस परीक्षा में मिली सफलता

**डिंडोरी, नवभारत 16 मार्च।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति (हरूरूरू) परीक्षा के परिणामों में शासकीय सांदीपनि विद्यालय नरिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। अक्टूबर 2025 में आयोजित इस चयन परीक्षा में विद्यालय के कुल 4 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

सफल विद्यार्थियों में खेमराज धुर्वे ,जीवेन्द्र उइके, मयंक महदेल और मोनिका धुर्वे शामिल है। इन विद्यार्थियों को शासन की ओर से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए प्रतिवर्ष 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह आर्थिक सहायता विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा, शैक्षणिक सामग्री और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

**विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम : सोनकिया**- विद्यालय के प्राचार्य बंशबहोर द्विवेदी ने इसे विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की उपलब्धि बताया। प्रधानाध्यापक प्रवीण सोनकिया ने कहा कि यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मूलचंद मरावी, अरुण यादव, सुचेता झारिया, ज्योति परस्ते सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

# भू-अर्जन प्रकरणों में 82 प्रतिशत भुगतान पूर्ण

▶ शहडोल-सागरटोला मार्ग के 93 भू-स्वामियों को मिला मुआवजा

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी गई कि जिला डिण्डोरी अंतर्गत शहडोल-सागरटोला राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के चेनज 63+000 से 69+300 तक 6.3 किलोमीटर क्षेत्र में किए गए भू-अर्जन के अधिकांश प्रकरणों में मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पारित अवार्ड के अनुसार कुल 4.6992 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

इस परियोजना के तहत कुल 111 भू-स्वामियों के लिए 1 करोड़ 78 लाख 55 हजार 287 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इनमें से



अब तक 93 भू-स्वामियों को 1 करोड़ 47 लाख 23 हजार 853 रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जो कुल राशि का लगभग 82.46 प्रतिशत है। शेष 18 भू-स्वामियों को लगभग 26 लाख 95 हजार 933 रुपये की राशि का भुगतान लंबित है। लंबित प्रकरणों के पीछे प्रमुख कारणों में सहखातेदारों की संख्या अधिक होना, आवश्यक दस्तावेजों की अनुपलब्धता, भूमि ऋण पोर्टल में खाता सत्यापन लंबित होना, कुछ हितग्राहियों का ग्राम में निवासरत नहीं होना या विवाद के कारण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराना शामिल है। प्रशासन द्वारा संबंधित हितग्राहियों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है, ताकि शेष प्रकरणों का निराकरण किया जा सके।

# प्रदेश में स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड का किया जाए गठन : डॉ. शर्मा

▶ अखिल भारतीय चिकित्सा संघ का जिला सम्मेलन आयोजित



**नवभारत उमरिया 16 मार्च।** अखिल भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा जिला उमरिया का जिला सम्मेलन 15 मार्च को बांधवगढ़ में आयोजित किया गया। सम्मेलन में संघ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिले के चिकित्सकों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. केके शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. एसएस तोमर, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सचेत व्यास, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिमरन रंधावा, प्रदेश महासचिव डॉ. बनवारी लाल त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. अखिलेश त्रिपाठी तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. अनु शर्मा उपस्थित रहे।

**पदाधिकारियों को भेंट किए स्मृति चिन्ह** -स्वागत भाषण प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. अखिलेश त्रिपाठी द्वारा दिया गया। उमरिया जिला इकाई की ओर से सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मेलन का संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. केके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रयासरत है कि प्रदेश में स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड का गठन हो सके, जिससे चिकित्सकों को उनके अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि कोविड काल जैसे कठिन समय में चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की है।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति आभार डॉ. अमृतलाल जायसवाल द्वारा व्यक्त किया गया। सम्मेलन में उमरिया जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरपी झा, डॉ. एके अधिकारी, डॉ. निगम, डॉ. एमएच खान, डॉ. जितेश मिश्रा, डॉ. प्रकाश रजक सहित अन्य चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला परिवहन अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में परिवर्तन

**डिंडौरी नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर सुरेन्द्र सिंह गौतम को डिंडौरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। शासन द्वारा जारी नए आदेश अनुसार परिवहन आयुक्त कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ परिवहन निरीक्षक दीपक भलावी को उनके वर्तमान कार्य के साथ-आगामी आदेश तक प्रभारी जिला परिवहन अधिकारी डिंडौरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।




# किसानों को उपलब्ध कराए उड़द-मूंग के बीज

**चिल्हारी।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय के ग्राम पंचायत बड़ार में यूनाइटेड वे मुंबई द्वारा संचालित निर्माण परियोजना अंतर्गत उड़द-मूंग बीज सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता में वृद्धि करना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रक्सा से सरपंच अंजना सिंह, ग्राम पंचायत कठार से सरपंच रीता पटेल तथा ग्राम पंचायत बड़ार से सरपंच धीरेंद्र सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया एवं रजनी सिंह ने किसानों को उन्नत खेती और बीज के सही उपयोग के बारे में मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में सोमित नामदेव, भूपेंद्र पटेल, कल्याण यादव एवं लक्ष्मण सिंह सहित कार्यक्षेत्र के सभी ग्रामों के महिला-पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# रात के वक्त जंगल मार्ग में घूमने वालों पर होगी कार्रवाई



▶ वन विभाग ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया

**चिल्हारी नवभारत 16 मार्च।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला क्षेत्र में शुक्रवार रात वन विभाग ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई, जिसमें ताला बैरियर पर गाड़ियों को रोककर जांच और चालकों से पूछताछ की गई।

बीटीआर प्रबंधन के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और पर्यटकों को निर्धारित नियमों का पालन कराना है। अक्सर देखा जाता है कि रिसॉर्ट और होटलों में ठहरे पर्यटक रात के समय बाघ देखने की उत्सुकता में सड़कों और जंगल के आसपास घूमने निकल जाते हैं। ऐसी गतिविधियों से वन्य प्राणियों की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है।

### अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में मची हलचल

अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई। ताला परिक्षेत्र अधिकारी राहुल किरार ने बताया कि ताला से परासी मार्ग के बीच कई ऐसे स्थान हैं जहां बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों की लगातार आवाजाही रहती है। राहगीरों और पर्यटकों को इन स्थानों पर अनावश्यक रूप से रुकने से बचने की सलाह दी गई है।

### जांच के दौरान वाहन चालकों को आवश्यक जानकारी दी गई


जांच के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। बीटीआर टीम ने स्पष्ट किया है कि रात के समय नियमों का उल्लंघन कर जंगल मार्ग पर अनावश्यक घूमने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कुछ वाहनों की विस्तृत जांच भी की गई और सभी को वन्य प्राणियों को देखकर सड़क पर न रुकने की हिदायत दी गई।

# सुपरवाइजर एवं पटवारियों को दिया गया प्रशिक्षण

▶ बजाग में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

**डिण्डौरी, नवभारत 16 मार्च।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत विकासखंड बजाग में सुपरवाइजरों एवं पटवारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय जनगणना अधिकारी रामबाबू देवांगन के निर्देशन में तहसील भवन बजाग के सभागार में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन एवं



उससे संबंधित कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। इस दौरान तहसील बजाग अंतर्गत करंजिया एवं बजाग क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**एचएलबी के गठन की प्रक्रिया समझाई**-प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एचएलबी के गठन की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण कार्य की रूपरेखा तथा सीएमएमएस पोर्टल पर एचएलबी का नक्शा तैयार करने की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी गई। सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस भरत अग्रवाल द्वारा डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि जनगणना के इस चरण में प्रत्येक मकान का सही विवरण और डिजिटल मैपिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे आगामी जनगणना कार्य सुचारु एवं सटीक रूप से संपन्न हो सके।

**इनकी रही उपस्थिति**-प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामबाबू देवांगन, तहसीलदार भरत सिंह बट्टे, नायब तहसीलदार आशुतोष मिश्र सहित राजस्व विभाग के आरआई एवं पटवारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों से जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित करने का आह्वान किया।